<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–15 अक्टूबर 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच में हुई हिंसा को लेकर की बैठक। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिये निर्देश।
- सर्वोच्च न्यायालय से आजम खान को नहीं मिली राहत। जौहर यूनिवर्सिटी को दी गई जमीन की लीज रद्द करने के आदेश के खिलाफ दायर याचिका खारिज।
- महाकुंभ के लिये प्रयागराज के नौ प्रमुख रेलवे स्टेशनों की सुविधा और क्षमता में किया जा रहा विस्तार। नौ सौ बानबे मेला स्पेशल ट्रेनों के संचालन की तैयारी।
- उत्तर प्रदेश और बंगाल के बीच लखनऊ में खेला गया रणजी ट्रॉफी मुकाबला हुआ ड्रा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहराइच में हुई हिंसा की घटना को लेकर कल लखनऊ में एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में मुख्यमंत्री ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। बहराइच के हरदी क्षेत्र में एक दिन पूर्व दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुई झड़प में एक युवक की मौत के बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गयी थी जो अब नियंत्रण में है। अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने कल बहराइच पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि–

***बहराइच में हुई घटना के बाद पुलिस ने 30 लोगों को हिरासत में लिया है। इसके साथ ही हरदी थाना के प्रभारी निरीक्षक समेत दो पुलिस अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। गोलीबारी में मारे गए युवक का कल दोपहर उसके गांव रेहुआ मंसूर में पुलिस की मौजूदगी में अंतिम संस्कार कराया गया। घटना स्थल से 15 से 20 किलोमीटर के आसपास तक आगजनी और पथराव किया गया। स्थिति को देखते हुए जिले में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। फिलहाल आला अधिकारी बहराइच में मौजूद रहकर स्थिति पर नज़र बनाए हुए हैं। अखिलेश श्रीवास्तव, आकाशवाणी समाचार, बहराइच।***

हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रदेश की स्थिति में तेजी से सुधार हो रहा है और स्थिति सामान्य हो रही है। बहराइच मामले में छह लोगों और कई अज्ञात उपद्रवियों को नामजद करते हुए प्राथमिकी दर्ज की गयी है। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने और नफरत फैलाने वालों पर भी पुलिस कार्रवाई कर रही है। अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार एडीजी कानून–व्यवस्था अमिताभ यश के साथ बहराइच में कैंप कर रहे हैं।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने आजम खान की जौहर यूनिवर्सिटी को दी गई जमीन की लीज रद्द करने के आदेश के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी है। शीर्ष अदालत ने कल हुई सुनवाई में प्रदेश सरकार से कहा कि वह विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्रों का प्रवेश दूसरे शैक्षणिक संस्थानों में सुनिश्चित करे। मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर प्रदेश सरकार की ओर से यूनिवर्सिटी को दी गई जमीन की लीज को रद्द करने के फैसले को चुनौती दी थी।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने कल कोविड–19 वैक्सीन के कारण रक्त के थक्के जमने जैसे दुष्प्रभावों का आरोप लगाने वाली याचिका को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि जनहित याचिका सिर्फ सनसनी फैलाने के लिए दायर की गई थी।

**********

महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रयागराज के नौ प्रमुख रेलवे स्टेशनों की सुविधा और क्षमता में विस्तार की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। प्रयागराज जंक्शन, सूबेदारगंज जंक्शन, नैनी जंक्शन, छिवकी जंक्शन, रामबाग जंक्शन, झूंसी जंक्शन, फाफामऊ जंक्शन, प्रयाग जंक्शन और प्रयागघाट जंक्शन पर मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाएगा। महाकुंभ के लिए रेलवे नौ सौ बानबे मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन करेगा। एक रिपोर्ट–

***महाकुंभ 2025 के सफल आयोजन के लिए राज्य सरकार और रेलवे प्रशासन मिलकर व्यापक तैयारियां कर रहे हैं। प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों की क्षमता और सुविधाओं में विस्तार के साथ विशेष ट्रेनों का संचालन, पैदल मार्ग की व्यवस्था और आपातकालीन योजनाएं पर भी काम किया जा रहा है। रेलवे प्रशासन ने रेलवे स्टेशनों पर 90 होल्डिंग एरिया चिन्हित किए हैं। इन होल्डिंग एरिया में आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को रोका जा सकेगा, ताकि स्टेशन पर भीड़ का दबाव कम रहे और यात्रा सुगम हो। महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र तक पहुंचने में कोई समस्या न हो, इसके लिए रेलवे स्टेशन से मेला क्षेत्र तक पैदल मार्ग की भी व्यवस्था की गई है। आकाशवाणी लखनऊ समाचार कक्ष से तनवीर फातिमा।***

**********

रेलवे ने लालकुंआ से मुंबई के लिए बांद्रा–लालकुआं सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन शुरू करने का फैसला किया है। ट्रेन का ठहराव मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर भी दिया गया है। मुरादाबाद और आसपास के ज़िलों से बड़ी संख्या में व्यापारी मुंबई आते जाते हैं। पहले उन्हें मुंबई जाने कि लिए दिल्ली जाना पड़ता था, लेकिन अब मुरादाबाद में इस ट्रेन का स्टापेज होने से यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। मुरादाबाद डिविज़न के डीसीएम आदित्य गुप्ता ने इस बारे में जानकारी दी।

***एक गाड़ी का बोर्ड से अभी अप्रूवल हुआ है। ये सप्ताह में एक बार चलेगी। इसका इनॉगुरेशन वाला जो रन है जो पहला रन है वो कल बांद्रा स्टेशन से हुआ था और आज ये गाड़ी शाम पाँच बज के दस मिनट पे मुरादाबाद में आएगी शेड्यूल और ये फर्दर जाके लालकुआ में टर्मिनेट होगी। उसका नोटिफिकेशन अभी निकलना ड्यू है। ये निकलते ही इस गाड़ी की रेगुलर रनिंग चालू हो जाएगी।***

**********

ग्रेटर नोएडा में यातायात प्रबंधन को अधिक कुशल और सुरक्षित बनाने के लिए प्रदेश सरकार जल्दी ही इंटीग्रेटेड एंड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम की स्थापना करेगी। बाइस हजार सात सौ साठ करोड़ रुपए की इस परियोजना में ग्रेटर नोएडा के 357 लोकेशंस पर हाई क्वॉलिटी सीसी टीवी सर्विलांस कैमरों की स्थापना की जाएगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेरणा सिंह ने इस बारे में अधिक जानकारी दी।

***इसमें एक आई ट्रिपल सी इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर जोकि ग्रेटर नोएडा इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी की ही बिल्डिंग में संचालित होगा। 2700 कैमरे हैं जो अलग अलग जगहों पर लगाए जाएंगे। ये 4 मेगा पिक्सल के डे एंड नाइट फिक्स्ड कैमरे हैं और इसी के साथ पीटीज़ेड कैमरा भी है जो 38 जूम के साथ है।***

**********

बरेली के रुहेलखंड विश्वविद्यालय के बाइसवें दीक्षांत समारोह में चौरानबे विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल और एक सौ सतासी शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की उपस्थिति में प्रदान की गयी।

**********

अलीगढ़ के राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत समारोह आगामी इक्कीस अक्टूबर को आयोजित होने जा रहा है, जिसके मुख्य अतिथि उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड होंगे।

**********

केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह आज भदोही में चार दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कालीन मेला का शुभारंभ करेंगे। कालीन निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा आयोजित मेले में देशभर से दो सौ साठ कालीन निर्यातक अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। इस कालीन मेले में सड़सठ देशों के पांच सौ खरीदार शामिल होंगे।

**********

कुशीनगर में नगरपालिका परिषद पडरौना ने क्षेत्र के सभी मंदिरों के पुजारियों को मानदेय देने की घोषणा की है। नगर पालिका परिषद पडरौना के अध्यक्ष विनय जायसवाल ने बताया कि प्रदेश में ये कदम पहली बार उठाया गया है। इसके तहत प्रत्येक पुजारी को पन्द्रह सौ रुपये प्रतिमाह दिए जाएंगे।

**********

प्रदेश में बीते छत्तीस घंटों के दौरान अलग–अलग सड़क दुर्घटना में नौ लोगों की मौत हो गयी जबकि कई अन्य घायल हो गये। कानपुर के पनकी थाना क्षेत्र में हाईवे पर ट्रक और कार की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, कौशांबी के मंझनपुर थाना क्षेत्र में टिकरीटेवा गांव के रहने वाले चार लोग रविवार रात बाइक से धाता फतेहपुर जा रहे थे। बाजापुर गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर नहर में गिर गई। इससे एक महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोगों ने अस्पतालों में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ योगी ने इन दुर्घटनाओं दुख जताया है।

**********

लखनऊ के अटल बिहारी वाजपई इकाना स्टेडियम में उत्तर प्रदेश और बंगाल के बीच खेला जा रहा रणजी ट्रॉफी मुकाबला ड्रा हो गया है। कल की पारी में यूपी के बल्लेबाज प्रियम गर्ग ने नाबाद एक सौ पांच रन बनाएं। इससे पहले बंगाल की टीम ने उत्तर प्रदेश के सामने जीत के लिए 274 रन का लक्ष्य रखा था। बंगाल ने चौथे दिन तीन विकेट पर 254 रन बनाकर अपनी दूसरी पारी घोषित कर दी थी। जवाब में अपनी दूसरी पारी में उत्तर प्रदेश की टीम ने छह विकेट खोकर 162 रन बनाए थे।

**********